# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कन्नौज

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र सं0–3153/एसएलएसए–99/2019 दिनांकित 25 अगस्त 2022 में दिये गये निर्देश एवं माननीय जनपद न्यायाधीश के अनुमति दिनांक 31.03.2026 के अनुक्रम में लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम में डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम, के पद पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जा रहे हैं

| क0सं0 | पद का नाम | पदों की सं0 | शैक्षिक योग्यता | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम** | **01** | विधि स्नातक, उ0प्र राज्य काउन्सिल द्वारा रजिस्टर्ड अन्य अर्हतायें व अनुभव हेतु निम्नलिखित संलग्न प्रपत्र देखें। | 30000/– से 50000/– प्रति माह |

**उपरोक्त समस्त पदों के आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों का विवरण–**

| | |
|---|---|
| 01 | आयु प्रमाण पत्र (हाईस्कूल प्रमाणपत्र/अंकपत्र) |
| 02 | शैक्षिक योग्यता के प्रमाणित प्रतिलिपियां |
| 03 | पासपोर्ट आकार के 03 फोटो। |
| 04 | अनुभव प्रमाण पत्र। |
| 05 | निवास प्रमाण पत्र। |
| 06 | विधि व्यवसाय का अभ्यास प्रमाण पत्र (COP) |

***योग्य एवं इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन–पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कन्नौज के कार्यालय में दिनांक 15.04.2026 तक जमा कर सकते हैं।***

निर्धारित प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कन्नौज के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में समय 10:00 से 05:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं एवं जिला न्यायालय, कन्नौज की वेबसाइट https://kannauj.dcourts.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

इस विज्ञप्ति की एक–एक प्रति जिला न्यायालय, कन्नौज, बार एसोसिएशन, कन्नौज एवं कलेक्ट्रेट कन्नौज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावें। नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स (ई–कोर्टस) को विभाग की वेबसाइट में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित की जावे तथा विज्ञप्ति का निःशुल्क प्रकाशन जनपद के प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में भी कराया जाये।

**नोट :–**

निर्धारित अभ्यर्थियों से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त होने पर योग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा, जिसकी तिथि व स्थान की सूचना सम्बन्धित अभ्यर्थियों को नियमानुसार दी जायेगी।

चयनित अभ्यर्थियों का अनुबन्ध दो वर्ष अथवा उससे कम–अधिक (उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार) के लिये किया जायेगा।

सेवाओं के नियमों का पालन न करने व उसका उल्लंघन करने पर, धनसम्बन्धी संलिप्तता पाये जाने पर, किसी भी अपराध में अभिशंसित होने पर, राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त होने पर, सेवाओं के प्रतिपादन में असमर्थ होने व आवश्यकतानुसार सेवा करने में असमर्थ होने पर, प्रशिक्षण कार्यकमों में अनुपस्थित होने पर, लीगल एड डिफेन्स कार्यालय के कार्यो के प्रति पूर्वग्रही गतिविधियों में संलिप्तता होने पर, अपने पद का स्वयं अथवा किसी अन्य के लिये अनाधिकृत रूप से विशेष लाभ उठाये जाने पर, नैतिक आचार संहिता का अतिकमण आदि किये जाने पर बिना किसी सूचना/नोटिस दिये सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

**विशेष टिप्पणी :–**

***पूर्व में जो उक्त पद पर जनपद कन्नौज एवं अन्य जनपदों में कार्य कर चुके है वे भी उपरोक्त पद पर आवेदन करने हेतु स्वतंत्र होंगे।***

Sneha 31/03/2026

**(स्नेहा)**
**सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जनपद न्यायालय कन्नौज।**

**प्रतिलिपि–**

01– जिलाधिकारी कन्नौज को सूचनार्थ एवं सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु।

02– केन्द्रीय नाजिर नजारत अनुभाग को जिला न्यायालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु।

03– नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायालय के वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

04– अध्यक्ष जिला बार एसोशिएशन, कन्नौज के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।

05– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कन्नौज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।

06– जिला सूचना अधिकारी, कन्नौज इस आशय से प्रेषित कि जनपद के समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञापन कराना सुनिश्चित करें तथा विज्ञापन की पेपर कटिंग कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

07– निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर हजरतगंज पार्क रोड लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि जनपद के समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञापन कराना सुनिश्चित करें तथा विज्ञापन की पेपर कटिंग कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

Sneha 31/03/2026

**(स्नेहा)**
**सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जनपद न्यायालय कन्नौज।**

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कन्नौज

## डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम हेतु शैक्षिक योग्यताएं/अर्हतायें–

| क0 स0 | पद नाम | रिक्तियों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | आवश्यक आर्हताएं | मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम | 01 | 1. विधि स्नातक,<br>2. उ0प्र0 राज्य बार काउनसिल द्वारा रजिस्टर्ड | आपराधिक विधि की वकालत का कम से कम 07 वर्षो का अनुभव<br>उत्कृष्ट कोटि का मौखिक व लिखित संप्रेक्षण की क्षमतायें<br>फौजदारी कानून की उत्कृष्ट जानकारी, विधि अनुसंधान की कुशलता, बचाव अधिवक्ता के नैतिक कर्तव्यों की गहरी समझ, दूसरो के साथ प्रभावी और कुशलता से कार्य करने की क्षमता<br>सत्र न्यायालय मे कम से कम 20 आपराधिक विचारण का अनुभव, जो उचित परिस्थितियों में शिथिल की जा सकती हैं।<br>कम्प्यूटर ज्ञान एवं तकनीकी ज्ञान | 30000/– से 50000/– |

Sneha 31/03/2026

(स्नेहा)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद न्यायालय कन्नौज।